वाराणसी | बुधवार • 04.09.2024
अमर उजाला
2

इग्नू : जुलाई बैच के लिए आवेदन अब 10 तक

वाराणसी। इग्नू में जुलाई 2024 बैच में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब 10 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। साथ ही री-रजिस्ट्रेशन के लिए सत्यापन भी 10 सितंबर तक होगा। ब्यूरो

वाराणसी जागरण
4 दैनिक जागरण वाराणसी, 04 सितंबर, 2024

इग्नू में नव नामांकन व पुन: पंजीयन की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 सत्र हेतु डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में (प्रमाणपत्र और सेमेस्टर कार्यक्रम को छोड़कर) नामांकन व पूर्व छात्रों के पुनः पंजीयन (री-रजिस्ट्रेशन) के लिए अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ा दी है। बीएचयू परिसर स्थित इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक डा. उपेंद्रनभ त्रिपाठी ने बताया कि इग्नू में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्णतः आनलाइन है। मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 300 पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है जिसमें 43 आनलाइन पाठ्यक्रम भी हैं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। प्रवेश के लिए छात्रों को https://ignouadmission.samarth.edu.in/ पोर्टल पर लागइन करके आनलाइन आवेदन भरकर पंजीकरण करना होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए बीए, बीकाम और बीएससी (जनरल) कार्यक्रमों में निश्शुल्क आवेदन की सुविधा है, जबकि अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क देना होगा।